(ख) क्या सरकार का राज्य को बिजली की आवश्यकता पूरी करने के लिए शीघ्र ही 100 मेगावाट का परमाणु शक्ति केन्द्र स्थापित करने का विचार है ?

(ग) यदि हां, तो इसे कब स्थापित करने का विचार है ?

प्रधान मंत्री,वित्त मंत्री, अणु शक्ति मंत्री तथा योजना मंत्री (श्रीमती इन्दिरा गांधी): (क) प्रारम्भिक अध्ययन से यह पता लगा है कि परमाणु बिजली पर आधारित कृषि-उद्योग समूह के द्वारा पश्चिमी क्षेत्र में खाद्य उत्पादन में वृद्धि कर सकना सम्भव है।

(ख) और (ग). आजकल विस्तार से किये जा रहे अध्ययन की समाप्ति तथा उपलब्ध साधनों के निर्धारण के बाद ही इस सम्बन्ध में निर्णय करने का प्रश्न उठेगा।

राजदूतों तथा वैदेशिक–कार्य मंत्रालय के अधिकारियों की शिक्षा संबंधी अर्हताएं

4177. **श्री मलहू प्रसाद :** क्या वैदेशिक–कार्य मंत्री 30 अप्रैल, 1969 के अतारांकित प्रश्न संख्या 8210 के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) विदेशों में स्थित भारतीय मिशनों में ऐसे राजदूतों और वैदेशिक-कार्य मंत्रालय में ऐसे अधिकारियों की संख्या कितनी-कितनी है जिनके पास कोई विशिष्ट शिक्षा सम्बन्धी अर्हताएं नहीं हैं; और

(ख) क्या उन्हें राजनीतिक विचार-धाराओं के आधार पर नियुक्त किया गया था ?

वैदेशिक-कार्य मंत्रालय में उप-मंत्री (श्री सुरेन्द्र पाल सिंह): (क) कुछ नहीं।

(ख) प्रश्न नहीं उठता।

Distribution of Nylon Yarn

4179. SHRI SITARAM KESRI: Will the Minister of FOREIGN TRADE AND SUPPLY be pleased to state:

(a) whether it is a fact that Government have received a large number of representation in regard to the distribution of indigenous and imported nylon yarns;

(b) whether it is also a fact that the improper distribution of nylon yarn has affected some of the industries adversely; and

(c) if so, the steps taken by Government to see that the nylon yarn is distributed properly and at a fairly steady rates?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF FOREIGN TRADE AND SUPPLY (SHRI CHOWDHARY RAM SEWAK): (a) and (b). No, Sir.

(c) There is no statutory distribution control on indigenous nylon yarn. The nylon yarn imported by S.T.C. is being distributed to actual users through various weavers' Associations and this has been working satisfactorily.

फिल्मों का आयात

4180. **श्री ओम प्रकाश त्यागी :**
श्री न० रा० देवघरे :

क्या वैदेशिक व्यापार तथा पूर्ति मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) 1968 में सरकार ने विभिन्न देशों से कुल कितनी फिल्मों का आयात किया था और उस पर कितनी विदेशी मुद्रा व्यय की गई थी;

(ख) इस अवधि में कितनी भारतीय फिल्मों का निर्यात किया गया था;

(ग) सरकार ने उक्त भारतीय फिल्मों का निर्यात करके कितनी विदेशी मुद्रा अर्जित की; और